अलीगढ़ में नकली पनीर का बड़ा भंडाफोड़, 1668 किलो माल नष्ट, करीब 5 लाख रुपये का मिलावटी पनीर किया गया जब्त

अलीगढ़ न्यूज/मनीष शर्मा : उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली पनीर बरामद किया है. इस कार्रवाई के दौरान कुल 1668 किलो मिलावटी पनीर को जब्त कर नष्ट कर दिया गया. अधिकारियों के मुताबिक, बरामद पनीर की कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/up-uttarakhand/aligarh/major-fake-cheese-bust-in-aligarh-1668-kg-of-goods-destroyed/3197865